>

Title : Need to provide funds for completion of Tilaiya Dadar Irrigation Project located on Bihar and Jharkhand border.

श्री हरी माझी (गया): बिहार एवं झारखंड सीमा पर स्थित तिलैया ढाढर सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए करोड़ों रूपये खर्च किए गए। करीब 700 एकड़ किसानों की जमीन का मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया लेकिन आज तक किसानों की जमीन की सिंचाई नहीं हो रही है। जबकि इस परियोजना के निर्माण होने से गया, नवादा एवं जहानाबाद तीनों जिले के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ तिलैया ढाढर सिंचाई परियोजना को ढाढर सिंचाई परियोजना कर दिया गया। तिलैया को हटाना किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि बिहार सरकार को राशि मुहैया कराई जाए। गया, नवादा एवं जहानाबाद के किसान इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस ओर मैं सरकार का ध्यान आकृÂट करता हूं।